# घर-में वृद्ध देखभाल (इन-होम ऐज्ड केयर) के एक नए कार्यक्रम की रूपरेखा

## चर्चा प्रपत्र

घर-में वृद्ध देखभाल से ऑस्ट्रेलिया के लगभग 1 मिलियन वृद्धों को सहायता मिलती है। इन सेवाओं में कई तरह की सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाती है जिनमें परिवहन से लेकर घर की साफ-सफाई और क्लिनिकल देखभाल. जेसे कि नर्सिंग और संबदध स्वास्थ्य सेवाएँ आदि शामिल हैं।

अधिकाँश लोग चाहते हैं कि वे हो सके उतने दिन अपने घर में ही रहें। यह महत्वपूर्ण है कि उनकी आत्मनिर्भरता में सहायता करने वाली सेवाएँ आसानी से सुलभ और प्रभावशाली हों।

वर्तमान में उपलब्ध घर-में वृद्ध देखभाल प्रणाली में सरकार द्वारा निधिबद्ध 4 कार्यक्रम शामिल हैं

1. कॉमनवैल्थ गृह सहायता कार्यक्रम (Commonwealth Home Support Programme) (CHSP) में वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स को, दैनिक जीवन निर्वाह में सहायता के लिए, बुनियादी सेवाएँ उपलब्ध करवाई जाती हैं।
2. घर-में देखभाल पैकेजेस (Home Care Packages) (HCP) में, जटिल देखभाल की आवश्यकता वाले वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स को अपने घर में ज़्यादा आजादी से और अधिक सुरक्षित रूप से रहने के लिए सहायताएँ उपलब्ध करवाई जाती हैं।
3. आरोग्यकारी अल्प-कालीन देखभाल (Short-term Restorative Care) (STRC) में वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स को, वृद्ध देखभाल की उनकी बदलती आवश्यकताओं को स्वीकार करने और उनके लिए प्रबंधन करने के लिए सहायताएँ उपलब्ध करवाई जाती हैं।
4. आवासीय राहत (Residential respite) वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स को थोड़े समय के लिए किसी वृद्ध देखभाल गृह में रह पाने में सहायता करती है। राहत की व्यवस्था पहले से की जा सकती है और यह अप्रत्याशित परिस्थितियाँ उत्पन्न होने पर भी मिल सकती है।

जैसा कि एज्ड केयर क्वालिटी एंड सेफ्टी कमीशन (रॉयल कमीशन) द्वारा उल्लिखित है, वर्तमान घर-में वृद्ध देखभाल व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है।

उठाये गए मुद्दों में शामिल है:

- देखभाल के लिए प्रतीक्षा-काल बहुत लंबा है।
- कार्यक्रम के अंतर्गत की जाने वाली व्यवस्थाएँ असमंजसकारी हैं।
- प्रबंधन शुल्क बहुत ज़्यादा है।
- सेवाएँ हमेशा ज़रूरत के अनुसार लक्षित (टारगेटेड) नहीं होतीं हैं।
- वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स को हमेशा वो सेवाएँ नहीं मिलती हैं जिनकी, उन्हें अपनी आत्म-निर्भरता बनाए रखने में सहायता के लिए ज़रूरत होती है।

**घर-में देखभाल की नई योजना के बारे में अपने विचार व्यक्त करें।**

**सबमिशन्स 25 नवंबर 2022 तक, ऑनलाइन**
**या फोन पर जमा करवाए जा सकते हैं।**

## सरकार क्या रुख अपना रही है?

ऑस्ट्रेलियन सरकार वर्तमान वृद्ध देखभाल कार्यक्रमों में मुद्दों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सेवाओं का उपयोग करने वाले और इन्हें प्रदान करने वाले लोगों की बातें सुनने के साथ ही इस तरफ कार्यवाही शुरु हो गई है।

रॉयल कमीशन के निर्देशों के अनुरूप, सरकार एक नया घर-में देखभाल कार्यक्रम विकसित कर रही है, जो 1 जुलाई 2024 से शुरु होगा।

यह नया घर-में देखभाल कार्यक्रम ऐसा होना चाहिए:

- जो एक आकलन प्रक्रिया के साथ, सुलभ हो और आसानी से समझ में आने वाला हो।
- जो लोगों को सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली उन सेवाओं तक समय पर पहुंच प्रदान करे जिनकी उन्हें आवश्यकता है।
- जो लोगों को मिलने वाली सेवाओं के निर्धारण में, उन्हें वास्तविक विकल्प और नियंत्रण दें।
- जिसमें उचित और पारदर्शी शुल्क हो जो दिए गए फंड्स को उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल प्रदान करने में सहायक बने।

सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि, वर्तमान में कॉमनवैल्थ द्वारा फंडेड वृद्ध-देखभाल कार्यक्रमों के अन्तर्गत सहायता प्राप्त कर रहे लोगों को, इस नए कार्यक्रम के अंतर्गत अपनी पहले से उपलब्ध किसी भी सेवा को खोना न पड़े।

## इस परामर्श के बारे में

घर-में वृद्ध देखभाल प्रणाली में सुधारों पर आपकी प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए, स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल विभाग (इस विभाग) ने एक चर्चा प्रपत्र तैयार किया है।

इस चर्चा प्रपत्र की रूपरेखा में शामिल है:

- इस कार्यक्रम में 5 मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान दिया जाना है।
- आपकी प्रतिक्रिया को सूचित करने में मदद करने के लिए प्रश्न।
- नया घर-में वृद्ध देखभाल कार्यक्रम कैसा दिख सकता है, उसका एक सांकेतिक मॉडल।

## चर्चा प्रपत्र का संक्षिप्त विवरण

## 1. वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स के लिए अपनी देखभाल का स्वयं प्रबंधन करना सरल और आसान बनाना

### घर-में वृद्ध देखभाल तक पहुंच को सरल बनाना

कई वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स को घर-में वृद्ध देखभाल प्रणाली को समझने और उसका उपयोग करने में परेशानी होती है। इस परेशानी के कारणों में एक कारण ये है कि अलग-अलग कार्यक्रमों के लिए लोगों का आकलन करने की ज़िम्मेदारी अलग-अलग संगठनों की होती है। इससे लोग असमंजस में पड़ जाते हैं और इसके कारण किसी व्यक्ति को अपने लिए सही कार्यक्रम पाने के लिए कई आकलनों से गुज़रना पड़ता है।

तीन अलग-अलग इन-होम वृद्ध देखभाल कार्यक्रमों को नेविगेट करना भी भ्रमित करने वाला हो सकता है, खासकर जब देखभाल में बदलाव की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए, जो लोग सीएचएसपी (CHSP) के तहत बुनियादी सेवाएं प्राप्त करते हैं, वे जब एचसीपी (HCP) में ट्रांज़िशन करते हैं तो उनकी वृद्ध देखभाल आवश्यकताएँ बदलने पर उन्हें अलग प्रदाताओं को बदलना पड़ता है।

देखभाल तक पहुँच को आसान बनाने के लिए, इन सुधारों से एक आकलन प्रक्रिया वाले एक कार्यक्रम की रचना होगी।

### और अधिक विकल्प तथा सेवाओं पर और अधिक नियंत्रण

एचसीपी (HCP) कार्यक्रम के तहत, वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स को घर-में वृद्ध देखभाल की अपनी सेवाओं के लिए एक ही प्रदाता का उपयोग करना चाहिए। इससे कई चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उदाहरण के लिए, हो सकता है कि कुछ प्रदाता, उनके द्वारा उपलब्ध करवाई जाने वाली सभी प्रकार की सेवाओं में, समान स्तर की गुणवत्ता और खर्च किए गए पैसों पर [illegible] उचित सेवा प्रदान नहीं कर सकते हैं।

इस नए कार्यक्रम से लोगों को एकल या एकाधिक प्रदाताओं को चुनने का विकल्प मिलना चाहिए। यह विकल्प वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स को उनकी ज़रूरतों को पूरा करने वाली देखभाल तक पहुँचने में मदद कर सकता है। ऐसा करने के लिए, यह विभाग नई भुगतान व्यवस्था खोज रहा है। इसमें सेवा प्रदाताओं को भुगतान करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक नया भुगतान प्रोग्राम शामिल हो सकता है।

## 2. सर्वोत्तम कार्य करने वाले देखभाल प्रबंधन उपलब्ध करवाने में देखभाल सहभागियों की भूमिका का पुनः स्पष्टीकरण

देखभाल प्रबंधन एचसीपी (HCP) कार्यक्रम के तहत उपलब्ध है और वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स ने, उनकी देखभाल को कोर्डिनेट करने देखभाल प्रबंधकों की भूमिका के बारे में स्पष्टता की माँग की है। परामर्श में इस बात पर जोर दिया गया है कि सर्वोत्तम देखभाल सुनिश्चित करने के लिए देखभाल प्रबंधकों और वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स के बीच एक वास्तविक भागीदारी होनी चाहिए।

इसलिए यह नया कार्यक्रम इस भूमिका को फिर से स्पष्ट करेगा। देखभाल भागीदार, वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स के लिए बदलती ज़रूरतों के अनुसार कार्यवाही करते हुए क्लिनिकल निरीक्षण और निगरानी प्रदान करेंगे। वे सेवाओं

को समन्वित करने में सहायता करेंगे और अपने ग्राहकों की निरंतर सुरक्षा और सकुशलता सुनिश्चित करने के लिए जाँच करते रहेंगे।

देखभाल प्रबंधन सभी वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स के लिए उपलब्ध होना चाहिए, न कि केवल जटिल जरूरतों वाले लोगों के लिए। उदाहरण के लिए, देखभाल भागीदारों की उन वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स की सहायता करने में भूमिका होनी चाहिए जो अपनी देखभाल का प्रबंधन स्वयँ करने का निर्णय लेते हैं। विभाग इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए काम कर रहा है, जबकि यह विचार किया जा रहा है कि दुर्लभ विशेषज्ञता को उन लोगों पर कैसे केंद्रित किया जाए जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

## 3. खर्च किए गए पैसों पर तद्नुसार उचित सेवा उपलब्ध करवाते हुए देखभाल के सारे खर्चों को पूरा करना

वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स द्वारा यह चिंता व्यक्त की गई है कि उन्हें अपने घर पर देखभाल प्रदाताओं से, खर्च किए गए पैसों पर तद्नुसार उचित सेवा नहीं मिल रही है। कई उच्च प्रशासनिक और देखभाल प्रबंधन शुल्क का भुगतान करते हैं और इन शुल्कों के उद्देश्य के बारे में पर्याप्त पारदर्शिता नहीं है। दूसरी ओर, सेवा प्रदाताओं ने इस बात पर जोर दिया है कि ग्राहकों को सेवा वितरण की सही लागत को कवर करना चाहिए।

सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए फंडिंग व्यवस्था और गुणवत्ता आश्वासन में सुधार करने के लिए प्रतिबद्ध है कि वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स सस्ती, सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्राप्त करें।

इसलिए, यह विभाग फंडिंग का एक नया मॉडल तैयार कर रहा है। इसका उद्देश्य यह होगा कि सेवाओं का मूल्य, सरकार तथा वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स के लिए, खर्च किए गए पैसों पर तद्नुसार उचित सेवा का को परिचायक हो। अनुदान निधि और गतिविधि-आधारित भुगतानों के मिश्रण के माध्यम से, प्रदाताओं के पास प्रभावी ढंग से संचालन करने के साधन होंगे।

यह विभाग ऐसी हर सेवा के लिए वास्तविक खर्च का पता लगाने के लिए स्वतंत्र स्वास्थ्य और वृद्ध देखभाल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के साथ काम करेगा जिसमें प्रशासन, यात्रा और अन्य लागतें शामिल होती हैं। इससे कुछ प्रकार की सेवाओं के लिए, जैसे सामुदायिक परिवहन और समूह सामाजिक सहायता, सेवा प्रदाताओं को उनकी निश्चित लागतों को पूरा करने में मदद करने के लिए अनुदान द्वारा सहायता की जाएगी। अनुदान का उपयोग ग्रामीण और दूरस्थ स्थानों जैसे क्षेत्रों में सेवाओं को पूरा करने के लिए भी किया जाएगा जहां प्रदाताओं जो लोग अपनी देखभाल की लागत में योगदान दे सकते हैं, उनसे नए कार्यक्रम के तहत ऐसा करने की अपेक्षा की जाएगी।

## 4. वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स की बदलती जरूरतों के प्रति लचीले ढंग से प्रतिक्रिया

### आकलन प्रक्रिया में सुधार

वृद्ध देखभाल का सही आकलन होना महत्वपूर्ण है। यह वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स को देखभाल के उस स्तर से जोड़ता है जो उनकी जरूरतों को पूरा करेगा और इन जरूरतों को पूरा करने के लिए सीधे तौर पर धन मुहैया कराएगा।

इसे पाने के लिए, इस विभाग ने एक नया आकलन टूल और वर्गीकरण प्रणाली विकसित करने और परीक्षण करने के लिए हैल्थ कंसल्ट (HealthConsult), फ्लिंडर्स विश्वविद्यालय (Flinders University) और ग्लोबल सेंटर फोर मॉडर्न एजिंग (Global Centre for Modern Ageing) के साथ काम किया है। आकलन टूल का प्रारंभिक परीक्षण 2022 की शुरुआत में किया गया था और इस फीडबैक से आगे होने वाले परीक्षणों के लिए सूचना मिल सकेगी।

### वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स की बदलती जरूरतों पर कार्यवाही के लिए लचीली फंडिंग

एक वृद्ध देखभाल आकलन से सेवाओं के, समय के एक बिंदु का संकेत मिलता है कि जब किसी व्यक्ति अपबे घर पर सुरक्षित और स्वतंत्र रूप से रहने के लिए सहायता की ज़रूरत हो सकती है। लेकिन वृद्ध लोगों की परिस्थितियाँ स्थिर नहीं होती हैं. और न ही उनकी वदध देखभाल की जरूरतें स्थिर होती हैं।

एसटीआरसी (STRC) कार्यक्रम उन लोगों की सहायता करता है जिन्हें घर पर अपनी स्वतंत्रता हासिल करने या बनाए रखने में एक झटका लगा है, लेकिन धन सीमित है। वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स के पास समय के साथ उनकी ज़रूरतों में बदलाव के साथ उन्हें मिलने वाली विभिन्न सेवाओं के मिश्रण को समायोजित करने के लिए लचीलापन अवश्य होना चाहिए।

नए कार्यक्रम में, सेवा प्रदाताओं के लिए, अपने ग्राहकों की बदलती जरूरतों का जवाब देने के लिए अतिरिक्त धन उपलब्ध होगा। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति को थोड़े समय के लिए परिवहन में सहायता की आवश्यकता है, तो उनका प्रदाता इन अतिरिक्त सेवाओं के लिए एक फंडिंग पूल से बिल कर सकता है।

## 5. घर-में वृद्ध देखभाल के लिए नव-परिवर्तन और भविष्य में निवेश को बढ़ावा।

ये सुधार घर-में वृद्ध देखभाल प्रणाली में नए विचारों और दीर्घकालीन निवेश को बढ़ावा देने का एक अवसर है। उदाहरण के लिए, नए गुणवत्ता संकेतक और स्टार रेटिंग्स से प्रदाताओं को उनकी सेवाओं की गुणवत्ता पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

ये प्रस्तावित सुधार वृद्ध देखभाल क्षेत्र में फंडिंग व्यवस्था, नियमों और भविष्य में विकास के बारे में अधिक निश्चितता प्रदान करेंगे। इससे उच्च गुणवत्ता युक्त देखभाल प्रदान करने के लिए नए तरीकों में निवेश करने के लिए सही परिस्थितियाँ उत्पन्न होने की संभावना है।

इस नए कार्यक्रम में सहायक साधन, उपकरण और सहायक तकनीक के लिए अलग-अलग फंडिंग होगी, जिससे वृद्ध ऑस्ट्रेलियन्स को घर पर रहने में सहायता करने के लिए आधुनिक तकनीक की सुलभता को

प्रोत्साहन मिल सकेगा। इस कार्यक्रम के तहत नवोत्पाद अनुदान जैसे अन्य विकल्पों पर भी विचार किया जा सकता है।

## इस नए घर-में वृद्ध देखभाल कार्यक्रम में क्या-क्या होगा?

यह परिचायक मॉडल मौजूदा घर-में वृद्ध देखभाल कार्यक्रमों को एक साथ लाता है और रॉयल कमीशन और पिछले परामर्शों द्वारा उठाई गई चिंताओं पर ध्यान देता है। इसमें प्रस्तावित किया गया है:

- स्वीकृत आकलन टूल्स का उपयोग करते हुए वृद्ध देखभाल सेवाओं का आकलन करना।
- सहायक साधन और उपकरण और बदलाव सहित, घर पर स्वतंत्रता के लिए प्रारंभिक सहायता।
- निरंतर चलने वाली मासिक सेवाओं के लिए, सेवा के स्तर को रेखांकित करने वाली सहायता की योजना।
- ग्राहकों के लिए उनकी आवश्यकताओं के अनुसार सेवाओं को समायोजित करने के लिए लचीलापन।
- आवश्यकतानुसार क्लिनिकल निगरानी और सहायता प्रदान करने के लिए देखभाल भागीदार।
- घर पर संभावित रूप से उच्च स्तरीय सहायता, जिसके लिए आगे और अनुसंधान होना बाकी है।।
- सेवा प्रदाताओं के लिए एक ऐसा मिश्रित फंडिंग मॉडल जो सेवा-के-लिए बकाया भुगतानों तथा अन्य सहायक अनुदानों को एक साथ जोड़ता है।
- बढ़ती उम्र की आबादी की जरूरतों को पूरा करने के लिए कार्यक्रम में वृद्धि।
- खतरे के स्तर के हिसाब से उपयुक्त नियमन।
- रिपोर्टिंग और सरकारी निगरानी को बेहतर बनाने के लिए सेवाओं की डिलीवरी के बारे में आकड़ों का स्वतः संकलन।

## अपनी बात कैसे कहें

हम इस चर्चा प्रपत्र में बताए गए परिचायक मॉडल तथा उठाए गए प्रश्नों के बारे में आपके फीडबैक का स्वागत करते हैं। आपकी सहायता और सहयोग से हम एक बेहतर घर-में वृद्ध देखभाल कार्यक्रम बना सकते हैं।
आप ऑनलाइन फॉर्म का उपयोग करके, एक लिखित सबमिशन अपलोड करके या 1800 318 209 पर कॉल करके अपनी बात कह सकते हैं।
सबमिशन्स 25 नवंबर 2022 तक जमा करवाए जा सकते हैं।

फोन नंबर **1800 318 209**
(वृद्ध देखभाल सुधार निःशुल्क फोन लाइन)

**Agedcareengagement.health.gov.au** पर जाएँ

अनुवाद तथा दुभाषिया सेवा के लिए, 131 450 पर फोन करें और उनसे 1800 318 209 पर माय एज्ड केयर पर फोन करने के लिए कहें। राष्ट्रीय रीले सेवा का उपयोग करने के लिए, nrschat.nrscall.gov.au/nrs पर जाएँ या 1800 555 660 पर फोन करें।